# निरीक्षण टिप्पणी

पी0एम0जी0एस0वाई के अर्न्तगत **लोहाली से थुवा ब्लाक तक मोटर मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी** अपने कार्यालय के पत्रॉक 349/13–1लोहाली से थुवाब्लाक दिनॉक 23–8–2017 के कम में प्रभागीय वनाधिकारी से यह सूचना की अपेक्षा की गई कि क्या उक्त मार्ग के समरेखन तथा वृक्षों की संख्या को कम करने के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही की जा सकती हैं साथ ही यह भी अपेक्षा की गई कि कि प्रस्तावित किये जाने वाले समरेखन में प्रभावित होने वाले 755 वृक्षो में से 438 वृक्षों बॉज वृक्षों को बचाये जाने के क्या प्रयास हो सकते हैं ।

प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल द्वारा सूचित किया कि प्रस्तावित मार्ग में प्रस्तावित समरेखन में आरक्षित एंव वन पंचायत भूमि में कुल 755 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के प्रभावित होते हैं। जिसमें बॉज के वृक्षों की संख्या 438 हैं । प्रस्तावित मार्ग के प्रस्तावित समरेखण में अधिक बॉज बृक्ष प्रभावित होने के कारण **वैकल्पिक समीकरण में विचार करने हेतु लिखा गया था।** अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई ज्योलिकोट द्वारा अवगत किया गया कि **कोई वैकल्पिक समरेखण न होने के कारण** प्रस्तावित समरेखण को ही उपयुक्त पाये जाने पर प्रस्ताव गठित करायें गये है।

प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि प्रस्तावित मार्ग में प्रभावित होने वाले 0–10 व्यास श्रेणी के 258 वृक्षों में से बॉज के 183 वृक्षों के प्रत्यारोपण हेतु जो भी व्ययभार आयेगा,उसको प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा वहन किये जाने के सम्बन्ध में प्रभाण पत्र प्रस्ताव में संलग्नक किया गया है।

प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल द्वारा पुनः संयुक्त निरीक्षण अधिशासी अभियन्ता के साथ दिनॉक 1 –9 –2017 को किया गया । विषयगत प्रस्तावित मोटर मार्ग का **कोई वैकल्पिक समरेखण न होने के कारण** के कारण प्रस्तावित मार्ग में प्रभावित होने वाले 755 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के वृक्षों में से 258 वृक्ष 0–10 व्यास श्रेणी हैं जिसमें से 183 वृक्ष बॉज प्रजाति के हैं । बॉज के 438 वृक्षों में से 183 वृक्ष के प्रत्यारोपण के उपरान्त 255 वृक्षों के पातन के सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा इस प्रतिबन्ध के साथ संस्तुति की गई की **प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा 200 बॉज तथा 200 काफल वृक्षों का अतिरिक्त रोपण कार्य किया जायेगा** । जिसमें अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई ज्योलिकोट द्वारा अपनी **सहमति** दी गई है।

दिनॉक 6–9–2017 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्थल निरीक्षण प्रभागीय वनाधिकारी श्री कुवेर सिंह विष्ट ,उप प्रभागीय वनाधिकारी ,वन क्षेत्राधिकारी भवाली , क्षेत्रीय कर्मचारी लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता तथा क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों के साथ किया गया। स्थल निरीक्षण के उपरान्त इस कार्यालय के पत्रॉक 456/13–1लोहाली दिनॉक 6–9–2017 द्वारा विस्तृत निर्देश दिये गये थें । प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल द्वारा अपने पत्रॉक 3187/13–2–1 दिनॉक 3–10–2017 प्रस्तावित समरेखण तथा प्रस्तावित मार्ग के समरेखण में प्रभावित होने वाले वृक्षों को चिन्हित किये जाने की सूचना से अवगत कराया गया हैं ।

प्रभागीय वनाधिकारी तथा अधिशासी अभियन्ता के संयुक्त निरीक्षण रिर्पाट (संलग्न हैं ) से अधोहस्ताक्षरी सहमत हैं । अतः बॉज के ऑन लाईन पृविष्ट किये गये 255 वृक्षों के पातन की संस्तुति **इस प्रतिबन्ध के साथ दी जा सकती है कि प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा 200 बॉज तथा 200 काफल वृक्षों का अतिरिक्त रोपण कार्य किया जायेगा** । जिसकी सूचना भारत सरकार को भी संदर्भित करने की कृपा की जाय ।

संलग्नक– यथोपरि ।

वन संरक्षक,
दक्षिणी कुमाऊ वृत उत्तराखण्ड नैनीताल।